Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-26/2021-23 दिनांक : 19.04.2022

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री –सह– ऊर्जा मंत्री,
झारखण्ड, रांची।

विषय : बिजली आपूर्त्ति व्यवस्था की बदतर स्थिति के संबंध में।

महोदय,

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से अभिवादन।

देवघर जिले में इन दिनों बिजली आपूर्त्ति की व्यवस्था काफी चरमरा सी गई है। 24 घंटे में लगभग 6 से 8 घंटे या उससे भी ज्यादा लोड शेडिंग हो रहा है जिसके कारण व्यापारियों तथा उत्पादन इकाइयों से जुड़े उद्यमियों की परेशानी बढ़ती जा रही है। नियमित बिजली की जगह अनिश्चित बिजली आपूर्त्ति के टाइमिंग और बढ़ते लोड शेडिंग के कारण न सिर्फ व्यापार प्रभावित हो रहे हैं बल्कि आमजन तथा विद्यार्थी भी त्राहिमाम हैं।

सीधे शब्दों में कहा जा सकता है कि बिजली रूला रही है, व्यवस्थाएं चरमरा रही है और जनता त्राहिमाम कर रही है। एक तो बढ़ती गर्मी और ऊपर से बिजली की दयनीय स्थिति। स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारी कभी कम आपूर्त्ति तो कभी मेन्टेनेन्स का बहाना बनाकर पल्लू झार रहे हैं। एक तो बिजली की घट रही उत्पादन क्षमता, दूसरा सालों साल से अव्यवस्थित डिस्ट्रीब्युशन प्रणाली और खराब मेनेजमेन्ट एवं मेन्टेनेन्स के कारण समस्याएं और बढ़ जाती है।

अतः सादर अनुरोध है कि बिजली संचरण एवं आपूर्त्ति व्यवस्था को संतुलित करने और सुधारने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया जाय ताकि त्राहिमाम कर रहे जनता एवं व्यापारियों को सुगम बिजली मिल सके।

इसके साथ ही बिजली की समस्या के स्थायी निदान के लिए राज्य में उत्पादन बढ़ाने पर सरकार को ज्यादा जोर देना चाहिए। देवघर में प्रस्तावित 4000 मेगावाट की अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट को गति दिया जाय। इस अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के शुरू हो जाने पर झारखण्ड न सिर्फ बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर होगी बल्कि बिजली बेचने की स्थिति में होगी। राज्य सरकार ने जो 200 मेगावाट सोलर एनर्जी उत्पादन का लक्ष्य बनाया है उसे भी गतिशील बनाने की आवश्यकता है।

सादर,

आपका ही,

Mallick

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, झारखण्ड ; प्रधान सचिव, ऊर्जा सह सीएमडी, झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि0, झारखण्ड।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)